तराई का सूरज (दै०)  11 अगस्त 2026

# जल जीवन मिशन योजना – जिले की बदली जीवन की तस्वीर

जिला संवाददाता

विकास खण्ड नकहा की पनगी खुर्द पाइप पेयजल योजना का समाचार एजेंसी द्वारा ग्राम क्षेत्र में भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों से बातचीत कर योजना के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। ग्रामीणों द्वारा योजना के संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया गया कि नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से उनके दैनिक जीवन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पेयजल के लिए घर से दूर के हैंडपंपों, कुओं अथवा अन्य असुरक्षित स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय की अधिक बर्बादी होती थी तथा जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता था। पाइप पेयजल योजना के माध्यम से घरों तक स्वच्छ जल पहुंचने से दस्त, उल्टी, पेट संबंधी संक्रमण तथा अन्य जलजनित बीमारियों में कमी देखी गई है। विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

समाचार एजेंसी द्वारा किए गए मूल्यांकन में यह भी पाया गया कि महिलाओं को पानी लाने में लगने वाले समय एवं श्रम से काफी राहत मिली है। अब वे अपने समय का उपयोग परिवार की देखभाल, बच्चों की शिक्षा तथा अन्य आयवर्धक कार्यों में कर पा रही हैं। स्वच्छ जल उपलब्ध होने से घरों में साफ--सफाई की स्थिति बेहतर हुई है तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

ग्रामीणों ने योजना को अपने जीवन स्तर में सुधार लाने वाली महत्वपूर्ण पहल बताते हुए मा० प्रधानमंत्री जी एवं मा० मुख्यमंत्री जी एवं संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। समग्र रूप से मूल्यांकन में यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि ग्रामीण पाइप पेयजल योजना ने स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छता, समय की बचत तथा सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी एवं जनहितकारी कदम सिद्ध हो रही है।